1. 'आमुक्तमाल्यद' ग्रन्थ के विषय में कौन-सा/से कथन *असत्य* है/हैं ?

   1. यह ग्रन्थ संस्कृत भाषा में लिखित है।
   2. इस ग्रन्थ की रचना कृष्णदेवराय ने की थी।
   3. इसमें राज्य के राजस्व और अर्थव्यवस्था के विकास का पर्याप्त वर्णन है।

   उत्तर का चयन कीजिए :

   (A) केवल 2 और 3
   (B) केवल 1 और 3
   (C) केवल 1
   (D) केवल 3

2. सल्तनत काल में निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु विदेशों को निर्यात *नहीं* की जाती थी ?

   (A) सूती वस्त्र
   (B) शक्कर
   (C) घोड़े
   (D) गर्म मसाले

3. विजयनगर साम्राज्य में भू-धारण पद्धति के सन्दर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

   1. राज्य द्वारा विशेष धार्मिक सेवाओं के लिए ब्राह्मणों, मठों एवं मंदिरों को दान दिए जाने की पद्धति ब्रह्मदेय कहलाती थी।
   2. ग्राम में विशेष सेवाओं के बदले दी जाने वाली लगानमुक्त भूमि की व्यवस्था 'नायंकार' कहलाती थी।
   3. सैनिक व असैनिक अधिकारियों को उनकी विशेष सेवाओं के बदले दिए जाने वाले भूक्षेत्र की व्यवस्था 'उंबलि' कही जाती थी।

   सही उत्तर का चयन कीजिए :

   (A) केवल 1 और 2
   (B) केवल 1
   (C) केवल 2 और 3
   (D) केवल 2

4. निम्नलिखित में से किस मध्यकालीन संत ने भक्ति के मार्ग में गुरु की आवश्यकता पर बल *नहीं* दिया ?

   (A) मीराबाई
   (B) कबीर
   (C) रामानन्द
   (D) गुरुनानक

5. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए कूट में सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (वैष्णव संत) | सूची II (प्रभाव स्थान) |
|---|---|---|
| (i) | नरसी मेहता | 1. पश्चिमी उत्तर प्रदेश |
| (ii) | मीरा | 2. बंगाल-उड़ीसा |
| (iii) | सूरदास | 3. गुजरात |
| (iv) | चैतन्य महाप्रभु | 4. राजस्थान |

   **कूट :**

   (A) (i)-3, (ii)-4, (iii)-1, (iv)-2
   (B) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3
   (C) (i)-4, (ii)-1, (iii)-3, (iv)-2
   (D) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

6. वेदान्ती बुद्धिवाद के केन्द्र, नदिया का सम्बन्ध था :

   (A) संत ज्ञानेश्वर से
   (B) तुकाराम से
   (C) रामानन्द से
   (D) चैतन्य महाप्रभु से

7. 'अकाल तख्त' की स्थापना किसने की ?

   (A) गुरु अर्जुन
   (B) गुरु तेग बहादुर
   (C) गुरु गोविन्द सिंह
   (D) गुरु हरगोविन्द

8. पुराणों में इतिहास की कौन-सी परम्परा प्राप्त होती है ?
(A) सार्वभौमिक
(B) क्षेत्रीय
(C) वस्तुपरक
(D) भविष्यवादी

9. "हिन्दू पॉलिटी' नामक ग्रंथ के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य *असत्य* है ?
(A) इसमें प्राच्य निरंकुशता की धारणा का खंडन किया गया है।
(B) इसमें भारत के प्राचीनतम और सफलतम गणतंत्रों का विवरण है।
(C) इसमें गणतंत्रात्मक पद्धति का प्रचलन वैदिक काल से व्यक्त किया गया है।
(D) इसके रचनाकार राधा कुमुद मुखर्जी हैं।

10. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (ग्रंथ) | | सूची II (लेखक) |
|---|---|---|---|
| (i) | दि आइडिया ऑफ हिस्ट्री | 1. | ओसवाल्ड स्पेंगलर |
| (ii) | ए स्टडी ऑफ हिस्ट्री | 2. | आर.जी. कॉलिंगवुड |
| (iii) | व्हाट इज हिस्ट्री ? | 3. | ए.जे. टॉयनबी |
| (iv) | दि डिक्लाइन ऑफ दि वेस्ट | 4. | ई.एच. कार |

कूट :
(A) (i)-4, (ii)-3, (iii)-2, (iv)-1
(B) (i)-3, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-4
(C) (i)-2, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-1
(D) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4

11. ऐतिहासिक इतिवृत्त की संस्कृत भाषा में सर्वप्रथम रचना कौन-सी है ?
(A) विक्रमांकदेवचरित
(B) हर्षचरित
(C) राजतरंगिणी
(D) गौड़वहो

12. 'त्रिषष्ठीलक्षण महापुराण' के लेखक कौन हैं ?
(A) नागचंद्र
(B) चावुंडराय
(C) अभिनव पम्प
(D) माधव सेन

13. निम्नलिखित में से किस आरण्यक में 'नगर' शब्द का प्र 'शहर' के अर्थ में किया गया है ?
(A) ऐतरेय आरण्यक
(B) शांखायन आरण्यक
(C) छांदोग्य आरण्यक
(D) तैत्तिरीय आरण्यक

14. हड़प्पा के टीले का सबसे पहले उल्लेख किसने किया था ?
(A) जे.एफ. फ्लीट
(B) ए. कनिंघम
(C) चार्ल्स मेसन
(D) रॉबर्ट विलियम

15. सौनक एवं पैप्पलाद किस वेद की शाखाएँ हैं ?
(A) ऋग्वेद
(B) सामवेद
(C) यजुर्वेद
(D) अथर्ववेद

16. स्काईलैक्स किस शासक का नौसेनाध्यक्ष था ?
(A) दारा प्रथम
(B) जरक्सीज़
(C) अर्तजरक्सीज़
(D) सिकन्दर

17. निम्नलिखित में से किस बौद्ध सुत्त में उपासक/उपासिका के ध की विवेचना की गई है ?
(A) महामंगल सुत्त
(B) सिगालोवाद सुत्त
(C) अम्बट्ठ सुत्त
(D) भगवती सुत्त

18. निम्नलिखित में से कौन-सा बसौली चित्रकला शैली का केन्द्र *नहीं* है ?

(A) मनकोट

(B) नवानगर

(C) जसरोटा

(D) बंधरलता

19. मुगलकालीन वास्तुकला के सन्दर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. हुमायूँ के मकबरे का महत्त्व इसमें स्थित चारबाग के कारण है। फारसी काव्य में, इसकी तुलना बहिश्त से की गई है।

2. फतेहपुरी सीकरी का निर्माण ख्वाज़ा-मोइनुद्दीन चिश्ती के प्रति आदर प्रकट करने हेतु करवाया गया।

3. संगमरमर से निर्मित पहला भवन मोती-मस्जिद शाहजहाँ ने निर्मित करवाया।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 1

(C) केवल 2

(D) केवल 2 और 3

20. अकबर के समय 'महज़र' घोषणा-पत्र का प्रपत्र किसने तैयार किया ?

(A) शेख मुबारक

(B) फैज़ी

(C) अबुल फज़ल

(D) शेख अब्दुल नबी

21. भारतीय शास्त्रीय ग्रन्थ 'रागदर्पण' का फारसी भाषा में अनुवाद किस शासक के शासनकाल में किया गया ?

(A) अकबर

(B) जहाँगीर

(C) फिरोज़शाह तुगलक

(D) सिकंदर लोदी

22. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजा राममोहन रॉय के बारे में सत्य *नहीं* है ?

(A) उन्होंने इंडियन अनरेस्ट पुस्तक 1823 में लिखी।

(B) उन्होंने आत्मीय सभा की स्थापना की।

(C) उन्होंने संवाद कौमुदी का प्रकाशन किया।

(D) उन्होंने तुहफात-उल-मुजाहिदीन की रचना की।

23. वारेन हेस्टिंग्स के न्यायिक सुधारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

1. जिला दीवानी अदालत ₹ 500 तक के मामलों पर फैसला कर सकती थी।

2. कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) की स्थापना की गई।

3. फौजदारी अदालत में मुस्लिम कानूनों का पालन किया गया।

4. भारतीय कानूनों के संहिताकरण के लिए मैकाले के तहत एक विधि आयोग का गठन किया गया।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1, 2 और 3

(B) केवल 1, 2 और 4

(C) केवल 2, 3 और 4

(D) केवल 1, 3 और 4

24. 1907 में स्वदेशी आंदोलन का समर्थन करने वाले परिपत्र 'सर्कुलर-ए-आज़ादी' (आज़ादी का परिपत्र) को किसने बाँटा ?

(A) तारक नाथ दास

(B) रामनाथ पुरी

(C) जी.डी. कुमार

(D) हरनाम सिंह

25. वियना कांग्रेस (1814 - 1815) में सम्मिलित किस प्रतिनिधि के विषय में नेपोलियन ने कहा था कि "वह रेशमी कपड़ों में लिपटा हुआ गोबर का टुकड़ा था" ?

(A) हार्डेनबर्ग

(B) कैसलरे

(C) तालीरां

(D) ज़ार अलेक्जेंडर I

26. निम्नलिखित में से किसने कहा "मेरा विचार है कि एक दिन यह छोटा-सा द्वीप (कोर्सिका) यूरोप को आश्चर्यचकित कर देगा" ?

(A) रूसो

(B) वाल्तेयर

(C) लॉर्ड एक्टन

(D) इरेस्मस

27. "पिरामिडों का युद्ध" कब हुआ ?

(A) 5 दिसम्बर, 1797

(B) 19 मई, 1797

(C) 23 मार्च, 1798

(D) 21 जुलाई, 1798

28. निम्नलिखित में से किसने वर्साय में शीशमहल का निर्माण करवाया था ?

(A) लुई XII

(B) लुई XIII

(C) लुई XIV

(D) लुई XV

29. फ्रांस में एस्टेट्स-जनरल के तीनों सदनों के अधिवेशन का उद्घाटन कब हुआ ?

(A) 5 मई, 1789

(B) 12 जून, 1789

(C) 22 जून, 1789

(D) 9 जुलाई, 1789

30. किसके बारे में सम्बन्ध में विल ड्युरंट कहते हैं कि, "अपनी सभी सीमाओं और अपूर्णताओं के बावजूद वह पुनर्जागरण काल के, शायद सभी समय के, सबसे पूर्ण व्यक्ति थे" ?

(A) लियोनार्डो दा विंची

(B) रफेल सान्जियो

(C) माइकल एंजिलो

(D) टिंटोरेटो

31. निम्नलिखित क्रांतिकारियों में से किसने विदेश में क्रांतिकारी गतिविधियाँ संचालित *नहीं* की थीं ?

(A) श्यामजी कृष्ण वर्मा

(B) लाला हरदयाल

(C) अजीत सिंह

(D) खुदीराम बोस।

32. किसने कहा कि "पुनर्जागरण शब्द मनुष्य की वैचारिक स्वतंत्रता और साहस का द्योतक है जिसे मध्य युग में रिलीजन के ठेकेदारों ने कैद कर रखा था" ?

(A) हेज़

(B) फर्गूसन

(C) डेविस

(D) ग्राण्ट

33. किस सन्धि द्वारा ब्रिटेन ने अमेरिका के तेरह उपनिवेशों की स्वतंत्रता को मान्यता दी ?

(A) पेरिस की सन्धि, 1783

(B) लंदन की सन्धि, 1785

(C) पेरिस की सन्धि, 1785

(D) लंदन की सन्धि, 1783

34. 'गुलाब के फूलों के युद्ध' की घटना किस देश में हुई ?

(A) स्पेन

(B) फ्रांस

(C) जर्मनी

(D) इंग्लैण्ड

35. निम्नलिखित में से किस लघु शिलालेख में अशोक का व्यक्तिगत नाम *नहीं* मिलता है ?
(A) नेत्तुर
(B) एर्रगुडि
(C) मास्की
(D) गुजर्रा

36. शुंग नरेश भागभद्र के विदिशा स्थित दरबार में हेलियोडोरस नामक राजदूत किसने भेजा ?
(A) एन्तियालकीडस
(B) हर्मियस
(C) हेलियोक्लीज़
(D) यूक्रेटाइडीज़

37. राष्ट्रकूट काल में 'गुरव' क्या था ?
(A) मंदिरों में पूजा करने वाले अब्राह्मण
(B) केन्द्रीय सैन्य बल का प्रमुख अधिकारी
(C) राजकीय सेवा के बदले प्राप्त भूमि
(D) विदेशी जहाजों पर प्रवेश के समय लगने वाला कर

38. चालुक्य शासक पुलकेशिन II के किस सामन्त ने 'शब्दावतार' नामक व्याकरण ग्रन्थ की रचना की थी ?
(A) उदयदेव
(B) सोमदेव सूरी
(C) गंगराज दुर्विनीत
(D) देवराज दुर्विनीत

39. निम्नलिखित में से किस शासक के संरक्षक के रूप में कश्मीर की शासिका दिद्दा ने शासन संभाला था ?
(A) नन्दिगुप्त
(B) अभिमन्यु
(C) तुंग
(D) संग्रामराज

40. श्रीलंका का कौन-सा शासक अशोक के पुत्र महेन्द्र द्वारा बौद्ध धर्म में दीक्षित कर लिया गया ?
(A) तिस्स
(B) काश्यप
(C) विजयबाहु
(D) महासेन

41. निम्नलिखित चोल कालीन रचनाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| (पुस्तक) | (लेखक) |
|---|---|
| (i) रामावतारम | 1. कुट्टन |
| (ii) मणमूल | 2. शेक्किलार |
| (iii) तक्कयागप्परणी | 3. कम्बन |
| (iv) तिरुतोण्डार पुराणम | 4. तिरुतक्कदेवर |

सही कूट का चयन कीजिए :
(A) (i)-1, (ii)-2, (iii)-3, (iv)-4
(B) (i)-2, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-3
(C) (i)-3, (ii)-4, (iii)-1, (iv)-2
(D) (i)-1, (ii)-3, (iii)-4, (iv)-2

42. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना हर्षवर्धन द्वारा लिखित *नहीं* है ?
(A) सदुक्तिकर्णामृत
(B) सुप्रभात स्तोत्र
(C) अष्टमहाश्रीचैत्य संस्कृत स्तोत्र
(D) रत्नावली

43. निम्नलिखित मंदिर स्थापत्यकला शैलियों को उनके संबंधित राजवंश के साथ सुमेलित कीजिए :

| (मंदिर स्थापत्य शैली) | (राजवंश) |
|---|---|
| (i) कर्णाट शैली | 1. काकतीय |
| (ii) कुन्तल शैली | 2. बादामी के चालुक्य |
| (iii) तैलंग शैली | 3. तेलुगू क्षेत्र के चोल |
| (iv) रेनानाडु शैली | 4. मान्यखेत के राष्ट्रकूट |

सही कूट का चयन कीजिए :
(A) (i)-4, (ii)-2, (iii)-1, (iv)-3
(B) (i)-2, (ii)-4, (iii)-1, (iv)-3
(C) (i)-3, (ii)-1, (iii)-4, (iv)-2
(D) (i)-3, (ii)-2, (iii)-4, (iv)-1

44. सल्तनत कालीन अक्ता प्रथा के सन्दर्भ में कौन सा से कथन सही नहीं है हैं ?

1. यह प्रथा साम्राज्य के दूर दराज के हिस्सों को केन्द्र से जोड़ने के लिए शक्तिशाली साधन के रूप में उपयोगी सिद्ध हुई।
2. इससे नए विजित प्रदेशों में कानून तथा व्यवस्था की स्थापना तथा राजस्व वसूली की समस्या का समाधान हुआ।
3. इस व्यवस्था में सामंती प्रथा को बढ़ावा दिया।

उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 3
(C) केवल 1
(D) केवल 2 और 3

45. आचार्य सायण ने ऋग्वेद संहिता, ऐतरेय ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषदों पर टीकाएँ लिखीं। आचार्य सायण किसकी राजसभा के रत्न थे ?

(A) बुक्का I
(B) देवराय II
(C) कृष्णदेव राय
(D) सदाशिव राय

46. सल्तनत काल में मनोरंजन के साधनों के सन्दर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. भारत में 'चौगान' का आरम्भ चौहान शासकों द्वारा किया गया।
2. दिल्ली सल्तनत के प्रथम सुल्तान, महमूद गज़नवी की मृत्यु चौगान खेलने के दौरान घोड़े से गिरकर हुई थी।
3. शिकारी पशु-पक्षियों की देखभाल हेतु 'हिमतरन' सल्तनत कालीन एक अधिकारी था।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1 और 3
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 3
(D) केवल 1

47. अफजल खान ने शिवाजी से मिलने का प्रस्ताव किस… भिजवाया था ?

(A) विजर खाँ
(B) कृष्णमल मीर
(C) आबजी सोनदेव
(D) कृष्णाजी भास्कर

48. मुंगी शिवगाँव की संधि किसके बीच हुई ?

(A) बाजीराव I और गोलकुण्डा
(B) बीजापुर और बालाजी विश्वनाथ
(C) निज़ाम और बाजीराव I
(D) बाजीराव I और अहमदनगर

49. विजयनगर साम्राज्य के प्रशासन में, ग्रामीण स्तरों में … प्रणाली स्थापित की गई। इस प्रणाली के अनु… प्रशासन के लिए राज्य कितने व्यक्तियों को नियु… था ?

(A) 10
(B) 12
(C) 14
(D) 16

50. मुगलकाल में, निम्नलिखित में से किसकी संरक्षिका … रानी दुर्गावती ने शासन किया ?

(A) कृष्णचन्द्र
(B) कर्णदेव
(C) कन्दर्पनारायण
(D) वीर नारायण

51. विजयनगर साम्राज्य के किस शास… 'यवन-राज्य-स्थापन-आचार्य' की उपाधि धारण की…

(A) देवराय II
(B) कृष्णदेव राय
(C) वीर नरसिंह
(D) अच्युत राय

52. महाजनपद काल में दक्षिण भारत में कौन-सा जनपद स्थित था ?
(A) चेदि
(B) अश्मक
(C) अवन्ति
(D) काम्बोज

53. वैदिक साहित्य में राजत्व के प्रारंभ का संकेत किस ग्रंथ में मिलता है ?
(A) ऋग्वेद
(B) शतपथ ब्राह्मण
(C) बृहदारण्यक
(D) ऐतरेय ब्राह्मण

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. बौद्ध जगत में, स्तूप को ब्रह्मांड की धुरी के रूप में देखा जाता है।
2. स्तूप महात्मा बुद्ध के परिनिर्वाण का प्रतीक नहीं है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
(A) केवल 1 सही है
(B) केवल 2 सही है
(C) 1 और 2 दोनों सही हैं
(D) 1 और 2 दोनों ग़लत हैं

55. ऋग्वैदिक काल में 'गविष्ठि' किसे कहा जाता था ?
(A) ग्राम प्रमुख जो कर संग्रह करता था
(B) गोधन की देख-रेख एवं सुरक्षा करने वाला
(C) पशुओं के लिए किए जाने वाला आपसी संघर्ष
(D) गोधन हेतु यज्ञ का संपादन करने वाला

56. राजस्थान में स्थित किस हड़प्पा-पूर्व कालीन पुरास्थल में विकसित हड़प्पा सभ्यता के कुछ प्रारंभिक बिंदु दिखाई देते हैं ?
(A) गणेश्वर
(B) कालीबंगा
(C) बालाथल
(D) बागोर

57. ऋग्वेद में 'ऋतस्य गोपा' (ऋत का संरक्षक) किस देवता क कहा गया है ?
(A) इन्द्र
(B) विष्णु
(C) वरुण
(D) रुद्र

58. निम्नलिखित में से किस हड़प्पीय पुरास्थल से काँचली मिट्टी से निर्मित गिलहरी की आकृति प्राप्त हुई है ?
(A) हड़प्पा
(B) मोहनजोदड़ो
(C) लोथल
(D) राखीगढ़ी

59. गंगा-यमुना दोआब में निम्नतम स्तर क्रम में किस प्रकार की पात्र (मृद्भाण्ड) संस्कृति के पुरावशेष प्राप्त हुए हैं ?
(A) गेरुए रंग के मृद्भाण्ड
(B) कृष्ण और लोहित मृद्भाण्ड
(C) चित्रित स्लेटी रंग के मृद्भाण्ड
(D) उत्तरी काले चमकीले मृद्भाण्ड

60. 'चिरकी-नेवासा' नामक पुरास्थल कहाँ पर स्थित है ?
(A) तमिलनाडु
(B) कर्नाटक
(C) महाराष्ट्र
(D) मध्य प्रदेश

61. 'महाकपि जातक' का अंकन साँची स्तूप के किस तोरण पर किया गया है ?
(A) उत्तर
(B) दक्षिण
(C) पश्चिम
(D) पूर्व

62. 1814 – 16 के मध्य आंग्ल-नेपाल युद्ध के पश्चात् 1816 में दोनों के मध्य कौन-सी संधि पर हस्ताक्षर हुए ?

(A) बसीन की संधि

(B) मंगलौर की संधि

(C) सगौली की संधि

(D) ल्हासा की संधि

63. लुई विवियन डिरोज़ियो के विचार युवाओं को प्रभावित करते थे। 1826 में एक शिक्षक के रूप में वे किस शिक्षण संस्थान से प्रथम बार जुड़े ?

(A) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

(B) हिन्दू कॉलेज, कलकत्ता

(C) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

(D) एलफिन्सटन कॉलेज, बम्बई

64. किस स्वतंत्रता सेनानी ने द्विपांतर बंशी, अमर आत्मकथा, ऋषि राजनारायण नामक पुस्तकें लिखीं ?

(A) सूर्य सेन

(B) प्रफुल्ल चाकी

(C) खुदीराम बोस

(D) बारीन्द्र कुमार घोष

65. भारत में वित्त विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया 1870 में किसके शासनकाल में प्रारंभ हुई ?

(A) लॉर्ड कैनिंग

(B) लॉर्ड एल्गिन

(C) लॉर्ड मेयो

(D) लॉर्ड नार्थब्रुक

66. रानी लक्ष्मीबाई द्वारा गठित दुर्गादल की प्रमुख कौन थी ?

(A) दुर्गावती बाई

(B) अवन्ति बाई

(C) झलकारी बाई

(D) मोती बाई

67. तिलक के सहयोगियों ने कॉंग्रेस के किस अधिवेशन में तिलक की जेल से मुक्ति के लिए प्रस्ताव पारित करवाने का प्रयत्न किया था ?

(A) 1898, मद्रास

(B) 1897, अमरावती

(C) 1899, लखनऊ

(D) 1896, कलकत्ता

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनिए :

1. गदर दल की स्थापना 1913 में न्यूयॉर्क में हुई।
2. गदर साप्ताहिकी को अंग्रेज़ी, हिन्दी, मराठी, उर्दू और गुरुमुखी भाषा में चलाया।

विकल्प :

(A) केवल 1 सत्य है

(B) केवल 2 सत्य है

(C) 1 और 2 दोनों सत्य हैं

(D) 1और 2 दोनों असत्य हैं

69. गाँधीजी ने 'चार आना' सदस्यता का नियम कॉंग्रेस के किस अधिवेशन में पारित करवाया था ?

(A) 1919, अमृतसर

(B) 1920, नागपुर

(C) 1921, अहमदाबाद

(D) 1918, बम्बई

70. दिसंबर, 1876 में दिल्ली दरबार के अवसर पर, भारतीय नेताओं को राष्ट्रीय एकता के लिए प्रयत्न करने का सुझाव किस संगठन ने दिया था ?

(A) इंडियन एसोसिएशन कलकत्ता

(B) मद्रास नेटिव एसोसिएशन

(C) पूना सार्वजनिक सभा

(D) मद्रास महाजन सभा

71. संस्कृत में रचित प्रयाग प्रशस्ति (इलाहाबाद स्तंभ अभिलेख) किस गुप्त शासक की प्रशंसा में हरिषेण द्वारा लिखा गया था ?

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम

(B) कुमारगुप्त

(C) समुद्रगुप्त

(D) स्कंदगुप्त

72. भाजा चैत्य-गृह महाराष्ट्र के किस जिले में स्थित है ?

(A) अमरावती

(B) पुणे

(C) औरंगाबाद

(D) नासिक

73. संगम कालीन प्रसिद्ध बंदरगाह 'पुहार' का निर्माण किस शासक के शासनकाल में हुआ ?

(A) सेनगुट्टुवन

(B) नेडुंचेलियन

(C) करिकाल

(D) उग्रपेरुवलुदि

74. 'मिलिन्दपन्हो' नामक ग्रन्थ में कितने प्रकार के व्यवसायों का उल्लेख हुआ है ?

(A) 36

(B) 64

(C) 75

(D) 110

75. चन्द्रगुप्त मौर्य के किस राज्यपाल द्वारा सुदर्शन झील का निर्माण करवाया गया ?

(A) चक्रपालित

(B) जितदत्त

(C) पुष्यगुप्त वैश्य

(D) पर्णदत्त

76. कौटिल्य के अर्थशास्त्र में [illegible] का उल्लेख है ?

(A) चौबीस

(B) पच्चीस

(C) छब्बीस

(D) सत्ताईस

77. मौर्य प्रशासन में, 'खार्वटिक' कितने ग्रामों का प्रमुख था ?

(A) 10 ग्राम

(B) 100 ग्राम

(C) 200 ग्राम

(D) 400 ग्राम

78. अशोक ने 'धम्म महामात्र' की नियुक्ति कब की ?

(A) राज्याभिषेक के 11वें वर्ष

(B) राज्याभिषेक के 12वें वर्ष

(C) राज्याभिषेक के 13वें वर्ष

(D) राज्याभिषेक के 14वें वर्ष

79. निम्नलिखित में से किसने अशोक के 'धम्म' को 'नैतिक व्यवहार संहिता' कहा है ?

(A) फ्लीट

(B) नीलकंठ शास्त्री

(C) डी.आर. भण्डारकर

(D) हेनरी हेरास

80. निम्नलिखित में से कौन-सी जाति मेगस्थनीज द्वारा वर्णित भारत की सात जातियों में नहीं थी ?

(A) शिकारी

(B) दार्शनिक

(C) चिकित्सक

(D) निरीक्षक

81. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (स्तम्भ शीर्ष – पशु) सही सुमेलित नहीं है ?

(A) रामपुरवा – वृषभ

(B) संकिसा – हाथी

(C) सारनाथ – सिंह

(D) कौशाम्बी – घोड़ा

82. बंधुवर्मा के मंदसौर अभिलेख से ज्ञात निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य असत्य है ?

(A) पट्टवाय श्रेणी लाट प्रदेश से आकर दशपुर में बस गई।

(B) यह कुमारगुप्त कालीन अभिलेख से संबंधित है।

(C) व्यवसाय द्वारा अर्जित धन से एक भव्य सूर्यमंदिर का निर्माण करवाया था।

(D) इस अभिलेख की रचना कृष्णकवि ने की थी।

83. ताम्रपाषाणयुगीन स्थल नवदाटोली उत्खनन में प्रथम चरण में प्राप्त मृद्पात्रों – 'मालवा पात्र परंपरा' – की प्रमुख विशेषता क्या है ?

(A) ये श्वेत चित्रित कृष्ण और लोहित पात्र परंपरा के हैं।

(B) ये गेरुए रंग के मृद्पात्र हैं।

(C) ये काले रंग से चित्रित लाल रंग के मृद्पात्र हैं।

(D) ये काले रंग से चित्रित धूसर रंग के मृद्पात्र हैं।

84. मध्य प्रदेश से प्राप्त किस अभिलेख में 'अशोक' नाम का उल्लेख मिलता है ?

(A) रूपनाथ

(B) गुर्जरा

(C) पानगुराड़िया

(D) सारो मारो

85. हथनोरा जीवाश्म के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य असत्य है ?

(A) नर्मदा नदी घाटी में हथनोरा से मानव खोपड़ी का जीवाश्म प्राप्त हुआ है।

(B) हथनोरा, होशंगाबाद से लगभग 22 किमी उत्तर-पूर्व में है।

(C) इसकी खोज 1984 में हुई थी।

(D) इसकी खोज पुरातत्व विभाग के अधिकारी मनोरंजन दास द्वारा की गई।

86. भीमबेटका के शैलचित्रों में निम्नतम स्तर क्रम में किस रंग से किए गए चित्रांकन प्राप्त हुए हैं ?

(A) लाल

(B) पीला

(C) काला

(D) हरा

87. रूस प्रथम विश्व युद्ध से कब पीछे हटा ?

(A) 1916

(B) 1917

(C) 1918

(D) 1915

88. रूस में बोल्शेविकों ने "कम्युनिस्ट इण्टरनेशनल" (कॉमिन्टर्न) की स्थापना कब की ?

(A) 1918

(B) 1919

(C) 1920

(D) 1921

89. बर्लिन सम्मेलन (काँग्रेस) द्वारा बोस्निया और हर्ज़ेगोविना का प्रशासन किस देश को सौंपा गया ?

(A) रूस

(B) ऑस्ट्रिया

(C) इंग्लैण्ड

(D) फ्रांस

90. इटली में 1820 – 21 में निरंकुश राजतंत्र के विरुद्ध विद्रोह सर्वप्रथम कहाँ प्रारम्भ हुआ ?

(A) नेपल्स

(B) पेपल स्टेट्स

(C) पीडमॉन्ट

(D) टस्कनी

91. 'द रशियन सोशल डेमोक्रेटिक वर्कर्स पार्टी' का गठन कब हुआ ?

(A) 1894

(B) 1896

(C) 1898

(D) 1901

92. किस वर्ष में बिस्मार्क को उत्तरी जर्मन संघ का चांसलर नियुक्त किया गया ?

(A) 1869

(B) 1870

(C) 1871

(D) 1872

93. गुप्तकालीन दार्शनिक उद्योतकर के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *असंगत* है ?

(A) इन्होंने वात्स्यायन के न्याय भाष्य पर अपना वार्तिक लिखा।

(B) इन्होंने नागार्जुन, वसुबन्धु और दिङ्नाग के मतों का खंडन किया।

(C) इनके ग्रंथों का चीनी अनुवाद रोनकि, रोनशिकी व रोनशिन हैं।

(D) ये कापालिक मत के आचार्य थे।

94. चीनी यात्री ह्वेन त्सांग किस पल्लव शासक के शासनकाल में काँची आया था ?

(A) सिंहविष्णु

(B) परमेश्वर वर्मन

(C) नरसिंहवर्मन प्रथम

(D) नरसिंहवर्मन तृतीय

95. वाकाटक वंश के किस शासक ने 'सेतुबन्ध' नामक प्राकृत काव्य ग्रंथ की रचना की थी ?

(A) रुद्रसेन II

(B) प्रवरसेन I

(C) प्रवरसेन II

(D) पृथ्वीसेन II

96. निम्नलिखित में से कौन आलवार सन्त *नहीं* है ?

(A) पोयगई

(B) अप्पर

(C) पूड़म

(D) पेय

97. किस स्थान से उल्लिखित होयसल कालीन अभिलेख में यह है कि "यहाँ के घरों में विद्या की इतनी चर्चा होती थी कि तोते भी शास्त्रार्थ में चतुर थे" ?

(A) सोमनाथपुर

(B) श्रवणबेलगोला

(C) वातापी

(D) हलेबिडु

98. निम्नलिखित में से कौन-सा शासक कार्कोट वंश से संबंधित *नहीं* है ?

(A) दुर्लभवर्द्धन

(B) चन्द्रापीड

(C) मुक्तापीड

(D) अवन्तिवर्मन

99. निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलेख हर्षवर्धन के शासनकाल से संबंधित *नहीं* है ?

(A) नालन्दा मृणमुद्रा अभिलेख

(B) मधुबन ताम्रपत्र अभिलेख

(C) बासखेड़ा ताम्रपत्र अभिलेख

(D) चन्द्रकेतुगढ़ ताम्रपत्र अभिलेख

100. विजयनगर की शासन प्रणाली में 'अमरम्' क्या था ?

(A) सैनिक

(B) न्यायाधीश

(C) भूमि

(D) राजस्व निरीक्षक

101. निम्नलिखित में से विक्रमशिला विश्वविद्यालय का वह कौन-सा विद्वान था जो बौद्ध दर्शन के प्रचारार्थ तिब्बत गया था ?

(A) जेतारि

(B) रत्नव्रज

(C) दीपंकर

(D) विरोचन

102. संजन ताम्रलेख में, किस राष्ट्रकूट शासक को गुप्त सम्राट 'साहसांक' (चन्द्रगुप्त II) से भी महान बताया गया है ?

(A) कृष्ण II

(B) अमोघवर्ष

(C) गोविन्द III

(D) इन्द्र III

103. शशि भूषण चौधरी ने किस पुस्तक का लेखन किया था ?
(A) सिविल रिबेलियन इन दि इंडियन म्यूटिनीज़
(B) दि सिपोय म्यूटिनी एण्ड द रिवोल्ट ऑफ 1857
(C) दि इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस
(D) हिस्ट्री ऑफ दि फ्रीडम मूवमेन्ट इन इंडिया

104. काँग्रेस के विभाजन के पश्चात्, नरम दल वालों ने काँग्रेस के पुनर्गठन हेतु किसकी अध्यक्षता में इलाहाबाद में कन्वेंशन किया था ?
(A) मदन मोहन मालवीय
(B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(C) गोपाल कृष्ण गोखले
(D) दादाभाई नौरोजी

105. "भारतीय राष्ट्रीयता ब्रिटिश राज की शिशु थी और ब्रिटिश राज ने उसके पालने को आशीर्वाद दिया।" यह किसने कहा था ?
(A) कूपलैण्ड
(B) ए.ओ. ह्यूम
(C) लॉर्ड डफरिन
(D) दादाभाई नौरोजी

106. 1948 में 'भाषाई प्रान्त आयोग' का गठन किसकी अध्यक्षता में हुआ ?
(A) एस.के. धर
(B) वल्लभभाई पटेल
(C) जे.एल. नेहरू
(D) पट्टाभि सीतारमैया

107. 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात् जोनाथन पील की अध्यक्षता में गठित आयोग का उद्देश्य क्या था ?
(A) आर्थिक पुनर्गठन
(B) सैन्य पुनर्गठन
(C) प्रशासनिक पुनर्गठन
(D) सामाजिक पुनर्गठन

108. भारतीय संविधान सभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए :
1. इसके सदस्यों की संख्या 389 थी जो बाद में घटकर 210 रह गई।
2. सच्चिदानन्द सिन्हा इसके संस्थापक अध्यक्ष थे।

विकल्प :
(A) केवल 1 सत्य है
(B) केवल 2 सत्य है
(C) 1 और 2 दोनों सत्य हैं
(D) 1 और 2 दोनों असत्य हैं

109. सुभाष चंद्र बोस ने 'आई.एन.ए.' एवं 'इंडियन इंडिपेंडेंस लीग' का नेतृत्व कब संभाला था ?
(A) 10 सितंबर, 1942
(B) 28 मार्च, 1942
(C) 8 फरवरी, 1943
(D) 4 जुलाई, 1943

110. 'भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी' की स्थापना कब एवं कहाँ पर की गई थी ?
(A) अक्टूबर, 1920, ताशकन्द
(B) दिसंबर, 1925, कानपुर
(C) नवंबर, 1925, बंगाल
(D) सितंबर, 1926, सिंगापुर

111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए व सही विकल्प चुनिए :
1. गणेश सावरकर को 1909 में अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह की जेल में भेज दिया गया।
2. यह फैसला ब्रिटिश जज मि. जैक्सन ने सुनाया था।

विकल्प :
(A) केवल 1 सत्य है
(B) केवल 2 सत्य है
(C) 1 और 2 दोनों सत्य हैं
(D) 1 और 2 दोनों असत्य हैं

112. दिल्ली सल्तनत के प्रशासन में दीवान-ए-इंशा का पद बहुत महत्त्वपूर्ण था। उसका कार्यक्षेत्र क्या था ?

(A) शाही पत्र-व्यवहार
(B) सैन्य संबंधित
(C) धार्मिक मामले
(D) गुप्तचर संबंधित

113. कौन-सा लेखक गयासुद्दीन तुगलक, मुहम्मद-बिन-तुगलक तथा फिरोज़ तुगलक का समकालीन था ?

(A) हसन निज़ामी
(B) अमीर अली
(C) ज़ियाउद्दीन बरनी
(D) शम्स-ए-सिराज

114. हज्जाज ने मुहम्मद-बिन-कासिम को सिन्ध पर आक्रमण के लिए भेजा। हज्जाज निम्नलिखित में से किस क्षेत्र का गवर्नर था ?

(A) ईरान
(B) मिस्र
(C) तुर्की
(D) ईराक

115. रज़िया सुल्तान किस वर्ष दिल्ली सल्तनत की शासक बनी ?

(A) 1206
(B) 1220
(C) 1236
(D) 1250

116. अन्हिलवाड़ पर आक्रमण के दौरान, मुहम्मद गौरी को पराजय का मुँह देखना पड़ा। निम्नलिखित में से किस राजा ने उसे पराजित किया ?

(A) सिद्धराज जयसिंह
(B) भीम II
(C) मूलराज I
(D) चामुण्डराज

117. जहाँगीर के शासनकाल में, सर थॉमस रो किस वर्ष आए ?

(A) 1610
(B) 1611
(C) 1615
(D) 1618

118. अशोक के अभिलेखों में वर्णित, निम्नलिखित में से मौर्य साम्राज्य के प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे ?

(A) पाटलिपुत्र, मथुरा, वाराणसी, कलिंग, राजगाह
(B) पाटलिपुत्र, तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि, सुवर्णगिरि
(C) उज्जयिनी, अयोध्या, नालंदा, राजगाह, वाराणसी
(D) तक्षशिला, कन्नौज, सारनाथ, मदुरै, उज्जयिनी

119. शेरशाह ने किस युद्ध के विषय में कहा कि "एक मुट्ठी ... के लिए मैंने दिल्ली का राज्य लगभग खो दिया था" ?

(A) कालिंजर का युद्ध
(B) चौसा का युद्ध
(C) चन्देरी का युद्ध
(D) मारवाड़ का युद्ध

120. मैदानी तोपखाने का प्रयोग भारत में सर्वप्रथम किसने प्रयोग किया ?

(A) मुहम्मद-बिन-तुगलक
(B) बाबर
(C) अकबर
(D) वाजिद अली शाह

121. सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान राजस्व उद्देश्यों के लिए खेती की स्थिति के आधार पर भूमि का सही वर्गीकरण क्या है ?

(A) पोलज, परौती, चचर, बंजर
(B) सराय, मुस्ता, जंगली, गैर
(C) पोलज, गैर, मुस्ता, बंजर
(D) बंजर, परौती, गैर, मुस्ता

122. 'उत्तर-आधुनिक इतिहास लेखन' की प्रमुख विशेषता क्या है ?
(A) परम्परावादी लेखन से आगे आधुनिक दृष्टिकोण को अपनाना
(B) प्रजातंत्र, व्यक्ति स्वतंत्रता, लोक स्वायत्तता पर आधारित
(C) सामान्य जन का इतिहास
(D) वंचितों यथा दलितों, स्त्रियों, पिछड़ों का इतिहास

123. बौद्ध धर्म के इतिहास लेखन का प्रारंभ किस ग्रंथ से होता है ?
(A) सुत्तनिपात
(B) सुमंगलविलासिनी
(C) आर्यमंजूश्रीमूलकल्प
(D) विनय पिटक

124. "उपाश्रयी इतिहास लेखन" की प्रमुख विशेषता क्या है ?
(A) विज्ञान-सम्मत, तथ्य-आधारित इतिहास लेखन
(B) आर्थिक आधार पर विभिन्न वर्गों का इतिहास
(C) सामान्य जन का इतिहास
(D) पूँजीपति एवं श्रमिक वर्ग के बीच संबंधों का इतिहास

125. "इतिहास लेखन इतिहासकार के पूर्वाग्रही विचारों का परिणाम होता है।" यह किस इतिहासकार ने कहा है ?
(A) जे.डब्ल्यू. हंट
(B) जी.पी. गूच
(C) ओकशॉट
(D) डेविड थॉमसन

126. इतिहास का चक्रवादी सिद्धांत मिलता है :
(A) गीता में
(B) पुराण में
(C) धम्मपद में
(D) रामायण में

127. "इतिहास मूल है और राजनीतिशास्त्र फल है" – किसने कहा था ?
(A) रेनियर
(B) राउज़
(C) सीले
(D) ई.एच. कार

128. "इतिहास विज्ञान है, न कम और न अधिक" – किसने कहा था ?
(A) हीरोडोटस
(B) थ्यूसीडाइड्स
(C) जे.बी. ब्यूरी
(D) जे.एच. प्लम्ब

129. 'संस्कृति' को किस पाश्चात्य इतिहासकार ने इतिहास-दर्शन का केन्द्र बिंदु माना है ?
(A) हर्डर
(B) वीको
(C) स्पेंगलर
(D) हेगेल

130. "इतिहास वर्तमान और अतीत के बीच अनवरत परिसंवाद है" – किसने कहा था ?
(A) ई.एच. कार
(B) कार्ल मार्क्स
(C) कॉलिंगवुड
(D) क्रोचे

131. वस्तुपरक वैज्ञानिक इतिहास लेखन की परम्परा किस इतिहासकार की देन है ?
(A) स्मिथ
(B) रांके
(C) कनिंघम
(D) मिल

132. "वस्तुनिष्ठता" का इतिहास में क्या अर्थ है ?
(A) इतिहासकार द्वारा निर्वैयक्तिक रूप से यथातथ्य विवरण लिखना
(B) पुरासामग्री का निष्ठापूर्वक प्रयोग करना
(C) समसामयिक घटनाओं का मानक निर्धारित करना
(D) वैज्ञानिक प्रविधि द्वारा सिद्ध निष्कर्षों की व्याख्या करना

133. 1876 में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी एवं आनंद मोहन बोस के नेतृत्व में किस संगठन का गठन किया गया ?

(A) बॉम्बे एसोसिएशन

(B) इंडियन एसोसिएशन

(C) बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन

(D) मद्रास एसोसिएशन

134. रैयतवाड़ी व्यवस्था के अन्तर्गत कुल ब्रिटिश भूमि के कितने प्रतिशत हिस्से को शामिल किया गया ?

(A) 75 प्रतिशत

(B) 51 प्रतिशत

(C) 33 प्रतिशत

(D) 60 प्रतिशत

135. भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष के संदर्भ में, कालानुक्रमिक क्रम में निम्नलिखित घटनाओं को व्यवस्थित कीजिए :

1. असहयोग आंदोलन प्रारम्भ हुआ।
2. रौलेट अधिनियम पारित किया गया।
3. भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया।
4. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया गया।

विकल्प :

(A) 2, 1, 3, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 4, 3, 2, 1

(D) 2, 4, 1, 3

136. वर्ष 1921 में, किसकी अध्यक्षता में प्रेस कानूनों की कार्य समीक्षा के लिए एक प्रेस समिति की नियुक्ति की गई थी ?

(A) आनंद मोहन बोस

(B) जॉन लॉरेन्स

(C) लॉर्ड मिन्टो

(D) सर तेज बहादुर सप्रू

137. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. थियोसोफिकल सोसाइटी की स्थापना अमेरिका में हुई तथा भारत में इसका मुख्यालय अड्यार (मद्रास के निकट) था।
2. 1932 में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने अखिल भारतीय हरिजन संघ की स्थापना की।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 और न ही 2

138. किसने टिप्पणी की, "राममोहन रॉय अपने समय में मनुष्यों में पूरी दुनिया में एकमात्र व्यक्ति थे जिन्होंने आधुनिक युग के महत्त्व को पूरी तरह महसूस किया" ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) सुभाष चन्द्र बोस

(C) लाला लाजपत राय

(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

139. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है ?

(A) द्वितीय बार क्लाईव बंगाल के गवर्नर के रूप में : 1762 – 1764

(B) गवर्नर जनरल के रूप में वॉरेन हेस्टिंग्स : 1773 – 1785

(C) तृतीय आंग्ल मैसूर युद्ध : 1790 – 1792

(D) गवर्नर जनरल के रूप में लॉर्ड वेलेजली : 1796 – 1805

140. निम्नलिखित में से किसने अपनी पुस्तक 'इम्पीरियलिज्म : ए स्टडी (साम्राज्यवाद : एक अध्ययन)' में पूँजीपति वर्ग के वित्तीय हितों को 'साम्राज्यवादी इंजन के नियंत्रक' की संज्ञा दी ?

(A) हॉब्सन

(B) जे.एस. मिल

(C) मार्क ब्लोच

(D) एडवर्ड गिब्बन

141. सिहोर में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में नवीन क्रांतिकारी सरकार 'सिपाही बहादुर' का गठन किसने किया था ?

(A) महावीर एवं वली शाह

(B) मोहम्मद खाँ एवं नवाब अकबर

(C) आदिल मुहम्मद एवं उमराव दूल्हा

(D) रमजूलाल एवं फाजिल मुहम्मद

142. मध्य प्रदेश में स्थित उदयगिरी की गुफा क्र. 20 का संबंध किस धर्म से है ?

(A) सिख

(B) जैन

(C) बौद्ध

(D) हिन्दू

143. किस नागवंशी शासक ने अपनी राजधानी विदिशा से पद्मावती स्थानांतरित की थी ?

(A) वृषनाथ

(B) भीमनाग

(C) स्कन्दनाग

(D) बृहस्पतिनाग

144. ______________ ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व नरसिंहपुर जिले से किया था।

(A) हिरदे शाह

(B) हरि सिंह

(C) राम सिंह लोधी

(D) मेहरबान सिंह लोधी

145. बुंदेला विद्रोह के नायकों को उनके स्थानों से सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | जवाहर सिंह | 1. | हीरापुर |
| (ii) | हिरदे शाह | 2. | कटरा बेलखेड़ा |
| (iii) | हिन्दूपत | 3. | मौज़ा चन्द्रपुर |
| (iv) | मधुकर शाह | 4. | नरहुत |

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (i)-3, (ii)-1, (iii)-2, (iv)-4

(B) (i)-1, (ii)-2, (iii)-4, (iv)-3

(C) (i)-3, (ii)-4, (iii)-2, (iv)-1

(D) (i)-4, (ii)-1, (iii)-3, (iv)-2

146. सांची स्तूप के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(A) 1818 में जनरल हेनरी टेलर ने इस स्मारक की खोज की।

(B) यहाँ के महास्तूप का निर्माण अशोक के काल में हुआ था।

(C) मुख्यत: यह ईंटों से बनाया गया था।

(D) इसके चारों तरफ अलंकृत पत्थरों से निर्मित वेदिका का निर्माण वाकाटकों ने करवाया था।

147. मध्य प्रदेश के किस स्थान से शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद अज्ञातवास के दौरान क्रांतिकारी गतिविधियाँ संचालित की थीं ?

(A) ओरछा

(B) महू

(C) देवघर

(D) बुढ़ार

148. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में असीरगढ़ का किला अवस्थित है ?

(A) मालवा

(B) विंध्य

(C) निमाड़

(D) बघेलखण्ड

149. परमार राजा भोज के शासनकाल के अन्त में, किन दो राजाओं के संघ ने राजधानी धारा नगरी पर मिलकर आक्रमण किया था?

(A) कल्चुरि एवं चन्देल

(B) चालुक्य एवं तोमर

(C) चन्देल एवं चौहान

(D) चालुक्य एवं चेदि

150. होल्कर रियासत स्थित इन्दौर रेसीडेन्सी पर 1857 के क्रान्तिकारियों द्वारा कब आक्रमण किया गया था ?

(A) 1 जुलाई, 1857

(B) 18 जुलाई, 1857

(C) 4 जून, 1857

(D) 8 जून, 1857